परिश्रम का महत्व

(निबंध)

14

प्रत्येक मनुष्य चाहता है कि वह *धनवान* बने, उसके पास सभी सुख-सुविधाएँ हों तथा सब उसका *आदर* करें। ऐसा केवल तभी संभव हो सकता है जब व्यक्ति खूब *परिश्रम* करे। 'परिश्रम' अर्थात् '*मेहनत*'। जो लोग आलसी होते हैं वे तरह-तरह से काम को टालते रहते हैं। इस कारण वे हर क्षेत्र में पिछड़े रहते हैं जबकि परिश्रमी व्यक्ति को सब कुछ प्राप्त होता है। किसान के परिश्रम से ही अन्न उपजता है। डॉक्टर हो या इंजीनियर, अध्यापक हो या विद्यार्थी, सभी को परिश्रम करना पड़ता है।

मनुष्य ही नहीं वरन् पशु-पक्षियों को भी परिश्रम करने से ही भोजन मिलता है। वह चाहे चिड़िया जैसा छोटा *प्राणी* हो या शेर जैसा जंगल का राजा। सभी को अपना *प्रबंध* स्वयं करना पड़ता है।

मेहनत से जी चुराने वाले को कभी कोई सफलता नहीं मिलती। अतः सदा परिश्रम करते रहना सभी के लिए अति आवश्यक है।

शब्द-भंडार

धनवान — अमीर *(rich)*, आदर — सत्कार *(respect)*,
परिश्रम — मेहनत *(effort)*, प्रबंध — इंतजाम *(arrangement)*,
प्राणी — जीव *(being)*, मेहनत — श्रम *(exertion)*,
संभव — मुमकिन *(possible)*।

अभ्यास

मौखिक

1. इन शब्दों को पढ़कर सुनाइए—

प्रत्येक मनुष्य परिश्रमी डॉक्टर इंजीनियर विद्‌यार्थी

2. निम्नलिखित प्रश्नों के मौखिक उत्तर दीजिए—

(क) किसके परिश्रम से अन्न उपजता है?

(ख) मनुष्य के अतिरिक्त किसे परिश्रम करने से भोजन मिलता है?

लिखित

1. सही उत्तर पर (✓) का निशान लगाइए—

(क) मनुष्य चाहता है कि वह .... बने।

☐ ऋणवान ☐ धनवान ☐ दोनों

(ख) .... व्यक्ति सब कुछ प्राप्त कर सकता है।

☐ आलसी ☐ ऋणी ☐ परिश्रमी

2. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए—

(क) प्रत्येक मनुष्य क्या चाहता है?

....

(ख) 'परिश्रम' का क्या अर्थ है?

....

(ग) किसे सफलता नहीं मिलती है?

....

भाषा-ज्ञान

1. निम्न शब्दों के एक से अनेक बनाइए–

आँख –	आँखें	शीशा –	शीशे
मेज –	....	जूता –	....
कलम –	....	चश्मा –	....
दीवार –	....	फीता –	....

क्रियात्मक गतिविधि

- 'परिश्रम'/'मेहनत' विषय पर अपनी कार्यपुस्तिका में कोई पाँच लाइनें लिखिए।
- दिए गए स्थान पर किन्हीं चार परिश्रमी व्यक्तियों जैसेः डॉक्टर, इंजीनियर आदि के चित्र लगाइए तथा यह भी लिखिए कि वे कौन हैं।

....	....
....	....